पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
POWER GRID CORPORATION OF INDIA LIMITED
(A Government of India Enterprise)

प्रेस विज्ञप्ति

तत्काल उपयोग हेतु

माननीय राष्ट्रपति ने पावरग्रिड को मानव संसाधन प्रबंधन के लिए स्कोप एमिनेंस पुरस्कार प्रदान किया

भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत एक महारत्न सार्वजनिक उपक्रम, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) को 29 अगस्त 2025 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा मानव संसाधन प्रबंधन के लिए स्कोप एमिनेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार पावरग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री रवींद्र कुमार त्यागी और निदेशक (कार्मिक) डॉ. यतींद्र द्विवेदी ने ग्रहण किया। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री, श्री पंकज चौधरी और डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक इंटरप्राइजेज के सचिव, श्री के. मोसेस चालई के साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्कोप और पावरग्रिड के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

यह सम्मान पावरग्रिड की प्रगतिशील मानव संसाधन प्रथाओं को उजागर करता है जो कर्मचारी-केंद्रित नीतियों, निरंतर कौशल उन्नयन और नेतृत्व विकास पर ज़ोर देती हैं, साथ ही पूरे संगठन में नवाचार, समावेशिता और समग्र कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देती हैं।

दिनांक 31जुलाई 2025 तक पावरिग्रड 286 सब-स्टेशनों, 1,80,849 सर्किट किलोमीटर ट्रांसिमशन लाइनों और 5,74,331 एमवीए की ट्रांसफॉमेर्शन क्षमता को कमीशन कर संचालित कर रहा है। नवीनतम उपकरणों और तकनीकों को अपनाने, स्वचालन और डिजिटल समाधानों के उन्नत उपयोग से, पावरिग्रड 99.85% की औसत ट्रांसिमशन प्रणाली उपलब्धता बनाए रखने में सक्षम रहा है।

जारीकर्ता:
टीम कॉर्पोरेट संचार
हमें ट्विटर पर फॉलो करें: @pgcilindia
ई-मेल: powergrid.pr@powergrid.in
www.powergrid.in